


माघ मकरगत रबि जब होई। तीरथपतिहिं आव सब कोई।।
देव दनुज किंनर नर श्रेनीं। सादर मज्जहिं सकल त्रिबेनीं।।
|| मानस महाकुंभ || Ram Katha 950-*Prayagraj || मोरारी बापू ||

सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 192 | इंदौर, सोमवार 27 जनवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# इंदौर में 76वां गणतंत्र दिवस उत्सव, उमंग, जोश और जश्न के साथ मनाया गया

## मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नेहरू स्टेडियम में झण्डावंदन किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर में रविवार को 76वां गणतंत्र दिवस समारोह उत्सव, उमंग और देशभक्ति के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह इंदौर के नेहरू स्टेडियम में आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जोश और जुनून के साथ उत्साह भरे वातावरण में झण्डावंदन किया। उन्होंने परेड की सलामी ली। इस मौके पर विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा आकर्षक एवं नयनाभिराम झांकियां भी निकाली गई। स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत के 76वें गणतंत्र दिवस के मंगल अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन करते हुए कहा कि आज राष्ट्र के जन-गण-मन में देशभक्ति और देश के लिए गर्व का भाव सशक्त हो रहा है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व-गुण के फलस्वरूप यह संभव हुआ है। आज संपूर्ण विश्व में भारत की गरिमा और साख बढ़ रही है। गणतंत्र दिवस की वर्षगाँठ पर राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए शहीद राष्ट्रभक्तों और ज्ञात-अज्ञात सेनानियों के चरणों में विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा कि आज संविधान निर्माताओं के प्रति भी कृतज्ञता ज्ञापित करने का दिन है। हमारा संविधान गौरव और स्वाभिमान के साथ हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों का बोध भी करवाता है। संविधान दिवस के माध्यम से हमारा राष्ट्र संविधान की महिमा को एक उत्सव के रूप में मनाता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गणतंत्र दिवस की वर्षगाँठ पर यह बताते हुए प्रसन्नता है कि एक वर्ष में प्रदेश के चहुँमुखी विकास के साथ प्रदेश की जनता के हित में जन-सहयोग से जो कार्य हुए हैं, उनसे मध्यप्रदेश विकसित राज्य के रूप में पहचान बना रहा है। इस उपलब्धि का श्रेय प्रदेश के लगभग साढ़े आठ करोड़ नागरिकों को जाता है, जो इस पहचान के शिल्पकार रहे हैं। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की मंशानुरूप विकसित भारत के लिए विकसित मध्यप्रदेश की हमारी यात्रा निरंतर चल रही है।

**अभूतपूर्व उत्साह के बीच 19 प्लाटूनों ने प्रस्तुत की आकर्षक परेड-** 76वें गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान देशभक्ति से ओतप्रोत अभूतपूर्व उत्साह का माहौल था। समारोह में 19 प्लाटूनों ने आकर्षक परेड प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने झण्डावंदन के पश्चात खुली जीप से सम्पूर्ण परेड का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ कलेक्टर श्री आशीष सिंह और पुलिस कमिश्नर श्री संतोष सिंह थे। उन्होंने परेड कमाण्डरों से परिचय भी प्राप्त किया। परेड के दौरान सशस्त्र दलों द्वारा हर्ष फायर किये गये। खुला आसमान तिरंगे के तीन रंगों से सराबोर हो गया। समारोह में परेड का नेतृत्व परेड कमांडर आईपीएस श्री आदित्य सिंघारिया ने किया। उनका अनुकरण टूआईसी सुबेदार पूजा पाटीदार ने किया। इस अवसर पर सीमा सुरक्षा (सशस्त्र), आरएपीटीसी, प्रथम वाहिनी विशेष सशस्त्र बल, 15वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल (पुरुष), जिला पुलिस बल (महिला), जिला होमगार्ड बल, यातायात पुलिस बल, वन विभाग, एनसीसी, शौर्य दल, स्काउट, गाइड, रेडक्रॉस, सृजन, बीएसएफ, प्रथम वाहिनी बैंड, अश्व दल (प्रथम वाहिनी) तथा आर चालक द्वारा आकर्षक परेड प्रस्तुत की गयी। इस अवसर पर बीएसएफ के बैंड ने देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत राष्ट्रीय धुनों से सम्पूर्ण वातावरण को देशभक्ति से भर दिया।





जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों पर आधारित 18 विभागों द्वारा निकाली गई नयनाभिराम झाँकियाँ



समारोह के दौरान विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा राज्य शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों पर आधारित नयनाभिराम झाँकियाँ निकाली गई। इनमें मुख्य रूप से नगर निगम इंदौर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत कचरे का रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकल करना ताकि कार्बन उत्सर्जन को कम किया जा सके। खजराना गणेश मंदिर की झाँकी में भक्तों हेतु सुविधायुक्त दर्शन व्यवस्था, आधुनिक विद्युत साज-सजावट के साथ परिसर का सौन्दर्यीकरण तथा ध्वनि उपकरण के माध्यम से मधुर मंत्रोच्चार की सम्पूर्ण व्यवस्था। इसी तरह शिक्षा विभाग की झाँकी द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए साईन लेंग्वेज, ब्रेल लिपि से शिक्षा को दर्शाया गया। कृषि विभाग की झाँकी में जैविक एवं प्राकृतिक खेती से होने वाले लाभ को दिखाया गया। जिला पंचायत की झाँकी में सुशासन भवन, पंचायत भवन और पंचायत निधि के माध्यम से ग्रामीणों के लिए बैठक, पेयजल आदि की व्यवस्था को प्रदर्शित किया गया। स्वास्थ्य विभाग की झाँकी में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक द्वारा वंचित एवं मलिन बस्तियों के लोगों का उपचार करना। यातायात विभाग की झाँकी में सुगम यातायात एवं सड़क सुरक्षा की जानकारी को दर्शाया गया। पुलिस विभाग की झाँकी द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से बालिकाओं में सुरक्षा की भावना और उनके आत्मविश्वास की वृद्धि को प्रदर्शित किया गया। मेट्रो की झाँकी में शहर में बढ़ते यातायात को कम करना और तेजी से सुगम और सुरक्षित यात्रा के विकल्प के रूप में मेट्रो रेल परियोजनाओं को आगे बढ़ाना। औद्योगिकी विकास निगम की झाँकी में वर्षभर में हुए सात रिजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से राज्य शासन को करोड़ों रुपये का निवेश प्राप्त होना और युवाओं को बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त होने को दर्शाया गया। केन्द्रीय जेल की झाँकी में बंदियों को सशक्त बनाने की दिशा में उन्हें विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण देकर उनके पुर्नवास करने को दर्शाया गया। इसी तरह जिला व्यापार उद्योग केन्द्र, महिला बाल विकास, वन विभाग, इंदौर विकास प्राधिकरण, आईटीआई और उद्यानिकी विभाग की झाँकियां संबंधित विषयों पर निकाली गई।

**पुरस्कार-** समारोह के दौरान उत्कृष्ट परेड प्रस्तुत करने पर प्लाटूनों को पुरस्कृत किया गया। 'अ' वर्ग में प्रथम पुरस्कार 15वी वाहिनी विशेष सशस्त्र बल तथा द्वितीय पुरस्कार सीमा सुरक्षा बल को दिया गया। 'ब' वर्ग में प्रथम पुरस्कार एनसीसी और द्वितीय पुरस्कार जिला यातायात पुलिस बल को प्राप्त हुआ। 'स' वर्ग का प्रथम पुरस्कार सृजन को तथा द्वितीय पुरस्कार रेडक्रास को दिया गया। इसी तरह झांकियों में प्रथम पुरस्कार नगर निगम, द्वितीय पुरस्कार औद्योगिक केन्द्र विकास निगम तथा तृतीय पुरस्कार केन्द्रीय जेल को दिया गया। मुख्य समारोह में वर्षभर विभागीय कार्यों में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों, स्वयंसेवी संगठनों, स्वच्छतामित्रों आदि को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री जी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को भी शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया।

# जहां मैं खड़ा हूं, वहां आप भी हो सकते हैं खड़े : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्कूली बच्चों को किया सम्बोधित








### मुख्यमंत्री ने इंदौर के शासकीय स्कूल में बच्चों के साथ किया मध्यान्ह भोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के पश्चात पार्क रोड स्थित शासकीय उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर विद्यालय पहुंचे। यहां वे गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में मध्यान्ह भोजन अन्तर्गत आयोजित विशेष भोज कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने स्कूली बच्चों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन किया। मुख्यमंत्री जी ने स्कूली बच्चों को स्कूली बैग, पानी बॉटल आदि भी वितरित किया।**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक शासकीय स्कूल में विज्ञान के प्रति कल्पनाशीलता के आधार पर जो हो सकता है वह इस स्कूल में देखकर अत्यंत प्रसन्नता हुई। उन्होंने गणतंत्र दिवस की सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शासकीय स्कूलों में शैक्षणिक सुविधाओं को बेहतर से बेहतर बनाने के लिये कारगर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में



देश में शैक्षणिक सुधार की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई जन्मों के पुण्य के बाद मानव शरीर मिलता है। जीवन में ज्यादा से ज्यादा सीखें और ज्ञान अर्जित करें। परमात्मा ने प्रकृति के माध्यम से कई सारे रहस्यों को हमारे बीच विद्यमान किया है। ज्ञान के बलबूते पर इन रहस्यों से सीख सकते हैं और वर्तमान में इसका सदुपयोग करके अपनी योग्यता साबित कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आगे कहा कि समय का सदुपयोग करें। अपनी योग्यता साबित करें और उन्नति करें। उन्होंने कहा कि मैं भी सरकारी स्कूल से पढ़कर निकला हूं, हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भी सरकारी स्कूल में पढ़े हैं। हम सभी



क्षेत्रों में आगे बढ़ने के अवसर समान रूप से सभी स्कूलों में पाते हैं। जहां मैं खड़ा हूं वहां आप भी खड़े हो सकते हैं। यही लोकतंत्र की ताकत है। उन्होंने कहा कि बच्चे शिक्षा के साथ संस्कार भी प्राप्त करें। बागे बढ़े, उन्नति करें और देश के विकास में अपना योगदान दें।

बच्चों को मध्यान्ह भोजन के तहत आलू, छोले, पूरी, खीर, लड्डू आदि परोसा गया। इस अवसर पर सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री महेन्द्र हार्डिया, श्री मधु वर्मा, श्री गोलू शुक्ला, श्री गौरव रणदीवे, स्थानीय पार्षद श्री नन्दकिशोर पहाड़िया, संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, पुलिस कमिश्नर श्री संतोष सिंह कलेक्टर श्री आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन सहित जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण और जनप्रतिनिधि तथा स्कूली बच्चे मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कौतूहल शाला का किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शासकीय उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर विद्यालय में स्कूली बच्चों द्वारा तैयार किये गये कौतूहल शाला (एस्ट्रोलॉजी लैब) का अवलोकन किया और बच्चों से सवाल-जवाब किये। उन्होंने इस कौतूहल शाला की सराहना की और बच्चों को शुभकामनाएं दी। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती पूजा सक्सेना ने बताया कि यह कौतूहल शाला वैज्ञानिक चेतना को समर्पित है। यहां भौतिक, वैज्ञानिक, भौगोलिक आदि सिद्धांतों पर आधारित मॉडल बनाये गये हैं, जो इनके नियमों और सिद्धांतों को परिभाषित करते हैं। ये मॉडल विज्ञान के नियमों और सिद्धांतों को सीखने और समझने में आसान बनाते हैं। यहां मॉडल के माध्यम से गुरूत्वाकर्षण, न्यूटन के नियम, अंतरिक्ष आदि को आसानी से समझा जा सकता है।

### सफाईमित्रों ने वेस्ट से बनें मुख्यमंत्री जी के छायाचित्र का पोट्रेट भेंट किया

कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के सफाईमित्रों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को वेस्ट मटेरियल से बनाये गये मुख्यमंत्री जी के छायाचित्र का पोट्रेट भेंट किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वेस्ट से बने अपने सुंदर तस्वीर को देखकर सफाईकर्मियों की प्रशंसा की और उनहें शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री जी ने इस पोट्रेट पर हस्ताक्षर कर इसे विद्यालय में ही लगाने को कहा।

## कलेक्टर कार्यालय में श्री आशीष सिंह ने किया ध्वजारोहण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कलेक्टर कार्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री गौरव बेनल, अपर कलेक्टर श्रीमती ज्योति शर्मा, श्री रोशन राय सहित कलेक्टर कार्यालय के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

## गणतंत्र दिवस के शुभ दिन पर संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब की जन्मस्थली में आकर उन्हें प्रणाम करना सौभाग्य की बात :- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली डॉ. अम्बेडकर नगर महू पहुंचे। यहां उन्होंने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज 26 जनवरी गणतंत्र दिवस हमारे लिये सबसे बड़ा त्यौहार है। बाबा साहेब के कारण ही हमारा गणतंत्र दुनिया में पहली बार जाना और पहचाना गया। बाबा साहेब की जन्मस्थली पंच तीर्थों में से एक प्रमुख स्थल है। आज गणतंत्र दिवस के शुभ दिन पर संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब की जन्मस्थली में आकर उन्हें प्रणाम करना सौभाग्य की बात है। यहाँ आना तीर्थ आने के बराबर है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुश्री कविता पाटीदार और विधायक सुश्री उषा ठाकुर एवं अन्य जन प्रतिनिधि तथा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी गण भी मौजूद थे।

## संभागायुक्त कार्यालय में श्री दीपक सिंह ने किया ध्वजारोहण




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। गणतंत्र दिवस के अवसर पर संभागायुक्त कार्यालय में संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर संभागायुक्त कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारीगण मौजूद थे।

# ट्रैफिक थाने में पदस्थ महिला कांस्टेबल ने की आत्महत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के बाणगंगा क्षेत्र में एक लेडी कांस्टेबल ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह महूनाका के ट्रैफिक थाने में पदस्थ थी। बाणगंगा में वह किराए का मकान लेकर रहती थी। शनिवार शाम को उसे उसके एक दोस्त ने कॉल किया था, लेकिन उसने कॉल रिसीव नहीं किया तो वह रात को घर पहुंचा। तब मानसी पिता गणेश मुराड़िया फंदे पर लटकी थी।**

दोस्त ने उसे फंदे से उतारा और अस्पताल पहुंचाया, लेकिन



डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मानसी ने आत्महत्या क्यों की। इसकी वजह पुलिस को पता नहीं चली। उसके कमरे से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला।

### तीन साल पहले मिली थी नौकरी

मानसी ने परीक्षा पास कर आरक्षक बनी थी। तीन साल पहले उसकी पहली पोस्टिंग इंदौर में हुई थी। वह मूलतः सतवास की रहने वाली है। उसके पिता बस चालक है। मानसी ने शाम को अपने पिता से फोन पर बात की थी।

परिजनों ने बताया कि मानसी की बातों से नहीं लगा था कि वह आत्महत्या जैसा कदम उठा लेगी,क्योंकि कभी उनसे किसी तरह की परेशानी की बात नहीं कही। रात को उसकी आत्महत्या की सूचना मिलने के बाद परिजन इंदौर पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद रविवार को शव परिजनों को सौंप दिया गया। उसका अंतिम संस्कार पैतृक गांव में किया गया।

### मानसी का मोबाइल भी नहीं मिला

रात को मानसी का दोस्त आयुष उसे अस्पताल लेकर पहुंचा था। पुलिस को मानसी का फोन भी उसके कमरे में नहीं मिला। परिजनों ने बताया कि वह अपने एक परिचित की शादी में जाने वाली थी। इसके लिए उसने छुट्टी की अर्जी भी दी थी। नए कपड़े भी खरीदे थे। अचानक से आत्महत्या की खबर आने के बाद परिजन भी सदमे में है। उन्होंने मामले की जांच करने के लिए भी अफसरों से कहा है।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 27 जनवरी को इंदौर में करेंगे हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण

### मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के समापन अवसर पर इंदौर के गांधी नगर में होगा वृहद कार्यक्रम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार, 27 जनवरी को इंदौर में विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान का समापन कार्यक्रम इंदौर के गांधी नगर में सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम में इंदौर एवं उज्जैन संभाग के हितग्राही शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार और राज्य सरकार की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत सैचुरेशन एवं लक्ष्य आधारित योजनाओं को प्राप्त करने के लिए 11 दिसम्बर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत हजारों हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभांवित किया गया। इस अभियान का समापन 27 जनवरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में किया जायेगा, जिसमें शेष बचे हितग्राहियों को लाभान्वित किया जायेगा। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से किया जायेगा। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

## घूरने पर हुए मामूली विवाद में बदमाशों ने युवक को पीटा, चाकू से हमला करने की कोशिश की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के परदेशीपुरा में 26 जनवरी की रात तीन बदमाशों ने युवक की हत्या की नीयत से हमला किया। चाकू और हथियार लेकर आए बदमाशों ने अतुल सुनहरे को घर के सामने पीटा और चाकू से हमला करने की कोशिश की। घटना रात करीब 11 बजे शंकर कुम्हार के बगीचे के पास हुई।**

हमले के दौरान आसपास के युवकों और इलाके के लोगों ने बीच-बचाव कर अतुल को बचाया और बदमाशों को वहां से जाने के लिए मजबूर किया।



हमलावरों में बबलू उर्फ ढाई किलो, अभी ठाकुर और रवि शामिल थे। आरोप है कि बबलू का अतुल और उसके परिवार से पुराना विवाद है। शिकायतकर्ता पुष्पेंद्र सुनहरे ने बताया कि घूरकर देखने की बात को लेकर बबलू पहले भी धमकी दे चुका है।

घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

परदेशीपुरा पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कह रही है।

# भाई की गिरफ्तारी के बाद देर रात जीतू पहुंचा थाने, दिए वाइस सैंपल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। पार्षद कालरा विवाद में लंबे समय से गायब जीतू यादव देर रात जूनी इंदौर थाने पहुंचा। उसने पुलिस अफसरों को अपनी आवाज के नमूने दिए। इसके बाद वह घर चला गया। रात को उसके भाई और मुख्य आरोपी अवि यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। अब पुलिस आवाज के नमूनों के आधार पर जांच करेगी।**





हमले के आरोपी अवि यदि पुलिस के सामने यह बात स्वीकार कर लेता है कि जीतू यादव ने पार्षद कालरा के घर हमला करने समर्थकों को भेजा था तो पुलिस उसे भी आरोपी बना सकती है।

भाजपा पार्षद कालरा ने घर पर हमले और नाबालिग बेटे के साथ अश्लील हरकत करने के मामले में जूनी इंदौर थाने में प्रकरण दर्ज कराया था। पांच दिनों तक पुलिस ने इस मामले में कुछ नहीं किया, लेकिन फिर संगठन और सरकार हरकत में आई और पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### वकील के साथ आया था जीतू

पार्षद जीतू थाने पर अपने एक वकील के साथ आया था। घटना को लेकर पुलिस अफसरों ने उससे पूछताछ की और वाइस के सेंपल लिए। अब उन्हें जांच के लिए भेजा जाएगा। इसके बाद मामले की जांच आगे बढ़ेगी। घटना के बाद गायब रहने के कारण पुलिस ने जीतू के घर नोटिस चस्पा किया था। यदि वह समय पर उपस्थित नहीं रहता तो उसे भगोड़ा घोषित किया जा सकता था। इसके बाद वह थाने पर पहुंचा था

### भाजपा कर चुकी निष्कासित

जीतू यादव को भाजपा इस विवाद के बाद छह माह के लिए निष्कासित कर चुकी है। इसके अलावा उसका एमआईसी सदस्य का पद भी छिन लिया गया। अब वह सिर्फ कुलकर्णी नगर का पार्षद है। शनिवार को जीतू ने अपनी वाट्सअप की डीपी और फेसबुक से भी कई फोटो हटा दिए।

# राहुल गांधी आज इंदौर आकर महू जाएंगे

### मुख्यमंत्री मोहन यादव भी गांधी नगर में हितग्राही कार्यक्रम में होंगे शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज सुबह करीब 11.30 बजे दिल्ली से चार्टर्ड प्लेन से इंदौर आएंगे। वे दोपहर 12.5 बजे हेलीकॉप्टर से महू के वेटरनरी कॉलेज ग्राउंड पहुंचेंगे। दोपहर 1.30 से 3.30 तक 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद दोपहर 3.45 बजे बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर स्मारक पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। शाम 4.35 बजे हेलीकॉप्टर से इंदौर लौटकर 5.15 बजे दिल्ली के लिए विशेष उड़ान से रवाना होंगे। इस दौरे में वे संविधान और सामाजिक न्याय पर अपनी बात रखेंगे।

कार्यक्रम में प्रियंका गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित सभी पूर्व और कांग्रेस शासित राज्यों के वर्तमान और मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। इसके अलावा प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं के साथ



लाखों की संख्या में कार्यकर्ता और संविधान को मानने वाले अनुयायी शामिल होंगे। डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली महू से 'जय बापू-जय भीम-जय संविधान अभियान' रैली के आगाज किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हित लाभ का करेंगे वितरण

दूसरी ओर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी आज सुबह 11 बजे इंदौर आएंगे। वे यहां गांधी नगर में आयोजित हितग्राही कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान का समापन कार्यक्रम इंदौर के गांधी नगर में सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम में इंदौर एवं उज्जैन संभाग के हितग्राही शामिल होंगे। दरअसल कि भारत सरकार और राज्य सरकार की चिह्नित हितग्राही



मूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत सैचुरेशन एवं लक्ष्य आधारित योजनाओं को प्राप्त करने के लिए 11 दिसंबर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत हजारों हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभांवित किया गया। इस अभियान का समापन 27 जनवरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में किया जाएगा। इसमें शेष बचे हितग्राहियों को लाभांवित किया जायेगा। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से किया जाएगा।

**आज कार्यक्रम स्थल से गांधी नगर तक ट्रैफिक रहेगा प्रतिबंधित-** आज सुपर कॉरिडोर चौराहा पर मुख्यमंत्री महोदय के कार्यक्रम के चलते यातायात प्रबंधन पुलिस ने विशेष ट्रैफिक प्लान जारी किया है।

कार्यक्रम स्थल से गांधी नगर चौराहा तक दोनों ओर का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। नावदापंथ, दिलीप नगर और सुपर कॉरिडोर से एमआर-10, उज्जैन रोड पर सुबह 6 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक मालवाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा।

एयरपोर्ट आने-जाने वाले वाहन कालानी नगर, वायरलेस टी, मरीमाता चौराहा मार्ग से आवागमन कर सकेंगे। उज्जैन की ओर जाने वाले वाहन मरीमाता, बाणगंगा और लवकुश चौराहा मार्ग का उपयोग करेंगे। सांवेर की ओर से भारी वाहन क्षिप्रा बायपास होकर शहर में प्रवेश करेंगे। चार और दो पहिया वाहन बाणगंगा व मरीमाता मार्ग से एयरपोर्ट जा सकेंगे। यात्रियों से समय पर पहुंचने और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की गई है।

## सराफा बाजार में व्यापारियों के वाहनों पर प्रतिबंध

### ट्रैफिक सुधार के लिए गार्ड तैनात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर सराफा बाजार में व्यापार को बढ़ावा देने और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए इंदौर चांदी-सोना जवाहरात व्यापारी एसोसिएशन ने पांच साल बाद एक नई पहल शुरू की है। इस योजना के तहत बड़ा सराफा में सड़क के दोनों ओर पीली पट्टियां बनाई गई हैं, जहां केवल ग्राहकों के वाहनों को पार्क करने की अनुमति होगी। एसोसिएशन अध्यक्ष हुकम सोनी और मंत्री बसंत सोनी ने बताया बड़े और छोटे सराफा के व्यापारियों के वाहनों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। व्यापारी पिछले 15 दिनों से स्वेच्छा से अपने दोपहिया वाहनों को बजाज खाना चौक, खजूरी बाजार और गौराकुंड पार्किंग में खड़ा कर रहे हैं। इसके लिए मासिक पार्किंग पास भी बनवाए गए हैं। ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक चार गार्ड तैनात किए गए हैं, जो बाजार में व्यवस्था बनाए रखने का ध्यान रखेंगे। साथ ही, बड़ा सराफा में बनाई गई पीली पट्टियों और केट आई पर रेडियम लगाया गया है, जिससे रात में भी पार्किंग व्यवस्था स्पष्ट दिखाई देती है।



# राज्यपाल श्री पटेल ने गणतंत्र दिवस पर राजभवन में ध्वज फहराया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर राजभवन में ध्वज फहराया। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव के.सी. गुप्ता सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।**

राज्यपाल श्री पटेल ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाओं का अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ आदान-प्रदान किया। राजभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों को मिष्ठान भी वितरित की गई। राज्यपाल के अपर सचिव उमाशंकर भार्गव, विधि अधिकारी उमेश कुमार श्रीवास्तव, परिसहाय द्रय शशांक, अतुल शर्मा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी अभिलाष भलावी सहित राजभवन के सभी विभागों, सुरक्षा बलों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# पीथमपुर में भोपाल गैस त्रासदी के कचरे के निस्तारण का विरोध, मशाल रैली निकालकर दी गई चेतावनी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**धार, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के धार जिले के पीथमपुर में 1984 की भोपाल गैस त्रासदी से जुड़े कचरे के निस्तारण का विरोध तेज हो गया है। इस मुद्दे पर विरोध जताने के लिए रविवार को विभिन्न संगठनों ने मशाल रैली निकाली।

बता दें कि 2-3 दिसंबर, 1984 की रात को यूनियन कार्बाइड की फैक्ट्री से जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का रिसाव हुआ था, जिससे लगभग साढ़े पांच हजार लोगों की मौत हुई थी और हजारों लोग गंभीर बीमारियों और विकलांगताओं का शिकार हो गए थे। तब से वो फैक्ट्री बंद है, पर उसका कचरा निपटान चुनौती है। पीथमपुर में इस कचरे को नष्ट किया जाना है। पर पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड कंपनी से जुड़े 337 टन खतरनाक कचरे के निस्तारण का विरोध हो रहा है।

पीथमपुर बचाओ समिति के हेमंत हिरोले ने कहा कि लोग यहां इस कचरे के निस्तारण के पूरी तरह खिलाफ हैं। विरोध में निकाली गई मशाल रैली चार किलोमीटर लंबी थी। 3 जनवरी से ही इस संदेश को प्रशासन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन जागरूकता अभियान के नाम पर गलतफहमियां फैलाता रहा, तो पीथमपुर में 'महापंचायत' होगी और प्रदर्शनकारी अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठ जाएंगे। वहीं सैलाना के विधायक और भारत आदिवासी पार्टी के नेता कमलेश्वर डोडियार ने भी रैली में भाग लिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को जनता की बात सुननी चाहिए और इस कचरे को देश या विदेश में कहीं और निस्तारित करना चाहिए।

पिछले कई दिनों से धार प्रशासन लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चला रहा है, जिसमें बताया जा रहा है कि यह कचरा मानव और पर्यावरण के लिए कोई खतरा नहीं है। इससे पहले, राज्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि उच्च न्यायालय ने प्रक्रिया को ध्यानपूर्वक देखकर ही इस कचरे के निस्तारण का आदेश दिया है।

# जबलपुर के पटाखा बाजार में भीषण आग

## धमाकों की आवाज से दहला आसपास का इलाका



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी। जबलपुर के कठौंदा इलाके में स्थित मुख्य पटाखा बाजार में रविवार शाम अचानक भीषण आग लग गई। आग ने देखते ही देखते दर्जन भर से अधिक पटाखा दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। धमाकों के साथ पटाखों के फूटने की आवाज ने इलाके में दहशत फैला दी। चारों ओर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।**

बमों के धमाकों से क्षेत्र दहल उठा और धुंए के गुब्बारे कई किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहे थे। दमकल विभाग ने सूचना मिलने पर घटनास्थल में पहुंचकर राहत व बचाव कार्य प्रारंभ कर दिया था। अग्नि हादसे में किसी प्रकार की जनहानि होने के समाचार प्राप्त नहीं हुए है। अग्नि हादसे में लाखो का माल जलकर खाक हो गया है।

### आग बुझाने में जुटी फायर ब्रिगेड की टीम

घटनास्थल पर फायर ब्रिगेड की 12 से अधिक गाड़ियां आग बुझाने पहुंची थीं। शहर के कलेक्टर दीपक सक्सेना, एसपी और अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और स्थिति पर नजर बनाए रहे। कलेक्टर ने बताया गया आग पर काबू प्राप्त कर लिया गया है। अग्नि हादसे में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है। आग में कितने का नुकसान हुआ इसका आकलन अभी तक पीड़ित व्यापारियों द्वारा नहीं किया गया है।

डीएसपी बीएस गठोरिया के अनुसार कठौंदा में थोक पटाखा बाजार की 50 से अधिक दुकान हैं। रविवार शाम लगभग साढ़े चार बजे के लगभग एक के बाद एक आधा दर्जन दुकानों को आग ने चपेट में ले लिया। थोक दुकान होने के कारण बड़ी मात्रा में बमों का स्टाक रखा हुआ था। आग के संपर्क में आने के कारण बमों में धमाके होने लगे। सूचना मिलने पर तत्काल दमकल विभाग ने राहत व बचाव कार्य प्रारंभ कर दिया था। दमकल कर्मियों ने लगभग तीन घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू प्राप्त किया। आग किस कारण से लगी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है और इसकी जांच जारी है।

# भोपाल में 30 से अधिक देश होंगे शामिल, 15 हजार से अधिक निवेशक करेंगे भागीदारी, सीएम ने देखी तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश की ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट (जीआईएस) 2025 का आयोजन 24 और 25 फरवरी को आयोजित हो रही है। भोपाल के राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में आयोजित होने वाली समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। इसकी तैयारी प्रदेश सरकार ने शुरू कर दी है। प्रदेश में औद्योगिक विकास में जापान सहयोगी भूमिका निभाएंगा। 27 जनवरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जापान की यात्रा पर रवाना हो रहे है। इससे पहले रविवार को उन्होंने श्यामला हिल्स स्थित राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में आयोजित होने वाली जीआईएस की तैयारियों को देखा।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत में कहा कि प्रदेश में वर्ष 2025 उद्योग और रोजगार वर्ष घोषित किया गया है। इस दौरान प्रत्येक माह उद्योगों की स्थापना और निवेश को प्रोत्साहित करने की गतिविधियां होंगी। जापान यात्रा से इसकी शुरूआत हो रही है। अगले माह भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेसटर्स समिट के आयोजन की भव्य तैयारियों के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इस समिट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उपस्थित होकर मार्गदर्शन देंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल में 24 और 25 फरवरी को हो रही जीआईएस में 30 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह प्रयास है कि प्रतिभागी देशों की संख्या 50 तक हो जाए। दो दिन तक चलने वाली समिट में 15 हजार से अधिक इन्वेस्टर्स प्रतिभागी बनेंगे। यह सम्मेलन उद्योगपतियों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समिट के व्यवस्थित आयोजन के लिए योजना बनाकर प्रतिभागियों की अपेक्षा एवं आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रयास करें।

### भोपाल में पहली बार हो रही जीआईएस

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल समिट का आयोजन सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। हम सब का सौभाग्य है कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट पहली बार भोपाल में हो रही है। उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025 नए दौर की नई कहानी लिखेगा। भोपाल एक सुंदर शहर और राजधानी भी है। समिट में आने वाले अतिथियों को यहां की बड़ी झील भी आकर्षित करेगी। मध्यप्रदेश सबसे बड़ा जनजातीय बहुल प्रदेश है। यहां जनजातीय समुदाय ने अपनी हजारों वर्ष पुरानी जीवन शैली और संस्कृति को सुरक्षित रखा है। भोपाल के राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों की विविध प्रकार की जनजातीय संस्कृति का चित्रण किया गया है। समिट के प्रतिभागी इस विविधता के दर्शन कर सकेंगे।

### 'एक जिला एक उत्पाद' की अनूठी प्रदर्शनी लगेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि समिट में चार प्रमुख विभागीय सम्मेलन, प्रवासी सत्र, सेक्टोरल सैशन और बायर-सेलर मीट के साथ ही ऑटो और टेक्सटाइल एक्सपो की नई प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन किया जाएगा। 'एक जिला एक उत्पाद' की अनूठी प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 'मध्यप्रदेश पवेलियन' विशेष आकर्षण का केन्द्र होगा।

# पत्नी से अवैध संबंध के चलते दोस्त ने की दोस्त की हत्या, पांच दिन पहले पुलिया के नीचे मिला था शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम, एजेंसी।** रतलाम जिले के शिवगढ़ थाना क्षेत्र में केलकच्छ रोड पर पुलिया के नीचे पांच दिन पहले मिले शव के मामले में पुलिस ने खुलासा किया है। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी अमित कुमार ने बताया कि मृतक देवीलाल के अपने दोस्त किरीया की पत्नी से अवैध संबंध थे, जिसके चलते देवीलाल की हत्या की गई है। रतलाम एसपी अमित कुमार ने शनिवार शाम पुलिस कंट्रोल रूम पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बताया कि 21 जनवरी की सुबह पुलिस को सूचना मिली थी कि राजापुरा माताजी से आगे केलकच्छ रोड पर पुलिया के नीचे पाइप में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पत्थर और झाड़ियों में दबा हुआ है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। इसमें मृतक की पहचान देवीलाल पिता प्रभु कटारा के रूप में हुई। पुलिस ने मुखबिर सूचना के आधार पर संदेही किरीया पिता तेलिया मावी (32) तथा देवू पिता रावजी कटारा (20) दोनों निवासी ग्राम राजपुरा माताजी थाना शिवगढ़ को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस पूछताछ में संदिग्ध किरीया और देवू ने देवीलाल की कुल्हाड़ी और पत्थरों से कुचलकर हत्या करना कबूला।

## संपादकीय

# यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य होगा उत्तराखंड

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को कहा कि प्रदेश में सोमवार से समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर दी जाएगी। उत्तराखंड भारत का पहला राज्य होगा, जहां यह कानून प्रभावी होगा। मुख्यमंत्री ने कहा, यूसीसी लागू करने के लिए सभी जरूरी तैयारियां कर ली गई हैं। इनमें अधिनियम की नियमावली को मंजूरी और अधिकारियों की ट्रेनिंग शामिल है। उन्होंने कहा, यूसीसी से समाज में एकरूपता आएगी और सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार और दायित्व तय होंगे। समान नागरिक संहिता के अंतर्गत जाति, धर्म, लिंग आदि के आधार पर भेद करने वाले व्यक्तिगत नागरिक मामलों से संबंधित सभी कानूनों में एकरूपता लाने की कोशिशि की गई है। उत्तराखंड में यूसीसी को लागू करना 2022 के विधानसभा चुनावों में बीजेपी के प्रमुख वादों में से एक था। मार्च में दोबारा सीएम पद संभालते ही सीएम धामी के नेतृत्व में मंत्रिमंडल की पहली ही बैठक में यूसीसी प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए उसका मसौदा तैयार करने के लिए विशेषज्ञ समिति के गठन पर मुहर लगा दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट की रिटायर्ड जज रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में 27 मई 2022 को विशेषज्ञ समिति गठित की गई थी, जिसने लगभग डेढ़ वर्ष में कई वर्गों से बातचीत के आधार पर चार पार्ट में तैयार अपनी रिपोर्ट दो फरवरी 2024 को राज्य सरकार को सौंपी। रिपोर्ट के आधार पर 7 फरवरी 2024 को विधानसभा के विशेष सत्र में यूसीसी विधेयक पास हुआ और उसके एक महीने बाद 12 मार्च 2024 को राष्ट्रपति ने भी उसे अपनी मंजूरी दे दी। उत्तराखंड यूसीसी विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, लिव-इन रिलेशनशिप और इनसे संबंधित अन्य विषयों को रेगुलेट करेगा। यूसीसी में सभी धर्मों में पुरुषों और महिलाओं के लिए समान शादी की उम्र, तलाक के आधार और प्रक्रियाएं तय की गईं हैं, जबकि बहुविवाह और हलाला पर बैन लगाया गया है। असम सहित देश के कई राज्य उत्तराखंड के यूसीसी अधिनियम को एक मॉडल की तरह अपनाने की इच्छा जता चुके हैं।

## OSHO कहिन

**"जीवन को जीने का एक ही तरीका है, और वह है पूरी तरह से जीना।"**



## सैर सपाटा

# फरवरी महीने में कपल्स घूमने जा सकते हैं ये रोमांटिक जगह

## लव मंथ का ट्रिप हमेशा रहेगा याद

फरवरी का महीना प्यार का महीना कहलाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस महीने में वैलेंटाइन डे जो आता है। ये महीना प्यार के पंछियों का फेवरिट होता है। यही वजह है कि इस महीने में ज्यादातर कपल घूमने की प्लानिंग करते हैं। अगर आप भी फरवरी में अपने पार्टनर के साथ कहीं छुट्टियां बिताने जाना चाहते हैं और कोई रोमांटिक प्लेस की तलाश कर रहे हैं, तो चलिए हम आपको बताते हैं कुछ बेहतरीन जगहों के बारे में।

### 1) दार्जिलिंग



दार्जिलिंग फरवरी में घूमने के लिए सबसे पसंदीदा हनीमून डेस्टिनेशन में से एक है। पश्चिम बंगाल में स्थित ये जगह चाय के बागानों से भरी है। यहां टाइगर हिल में एक टॉय ट्रेन चलती है जिसमें बैठकर आपको इस जगह की सभी सुंदर पहाड़ियां दिख जाएंगी। फरवरी में अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक छुट्टियां बिताने के लिए ये जगह बहुत अच्छी है।

### 2) महाबलेश्वर



महाबलेश्वर फरवरी में घूमने के लिए सबसे अच्छे डेस्टिनेशन में से एक है। यह जगह हरे-भरे प्रकृति और सुखद मौसम के साथ-साथ पहाड़ों से घिरी हुई है। झरनों और झीलों से सजी इसकी शानदार घाटियां देखने लायक हैं। मुंबई के पास इस जगह पर लोग वीकेंड पर जाना पसंद करते हैं।

### 3) गोवा



गोवा फरवरी में भारत में घूमने के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक है। यह जगह सूरज की रोशनी वाले समुद्र किनारे और सांस्कृतिक डिशेज के साथ एक आकर्षक माहौल के लिए फेमस है। यहां घूमने के लिए काफी जगह हैं। आप गोवा में समुंद्र किनारे अपने पार्टनर के साथ सुकून के पल बिता सकते हैं।

### 4) हम्पी



सुंदर नजारों के लिए हम्पी एक फेमस जगह है। यूनेस्को की विश्व धरोहर मानी जाने वाली यह जगह एक हनीमून डेस्टिनेशन भी है। केले के बागान और बिखरी पहाड़ियां हम्पी शहर के प्रमुख आकर्षणों में से एक हो सकती हैं। यहां पर भी घूमने के लिए काफी जगह हैं।

## Uttarpradesh

# लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा, ट्रक से टकराई कार...पति-पत्नी और बेटा-बेटी की मौत

**आगरा, (एजेंसी)** आगरा के फतेहाबाद में लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर सोमवार सुबह भीषण हादसा हो गया। कुंभ स्नान कर कार से जा रहे परिवार की कार हादसे का शिकार हो गई। बताया गया है कि कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई। इसके बाद कार दूसरी लाइन में चली गई और सामने से आ रहे ट्रक से भिड़ गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार सवार पूरे परिवार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने कार में फंसी पति-पत्नी के साथ मासूम बेटे और बेटी की लाश को बाहर निकाला। पुलिस ने शिनाख्त के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



ये हादसा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के 31 किमी पर हुआ। बताया गया है कि थाना फतेहाबाद क्षेत्र में कार अचानक रोड के दूसरी तरफ जाकर सामने से आ रहे मिली ट्रक से टकरा गई। हादसे में मौके पर ही कार सवार बच्चों सहित चार की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। हादसे के बाद एक्सप्रेस-वे पर दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों की वजह से जाम हो गया। पुलिस ने क्रेन की सहायता से वाहनों के हटवाने के बाद मार्ग सुचारू कराया। इसके साथ ही मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा भेजा है। पुलिस ने बताया कि ये परिवार दिल्ली के उत्तम नगर का रहने वाला है, जो कुंभ स्नान कर वापस लौट रहा था।

## Bihar

# स्कूली बच्चों से भरा टैंपो पिकअप से टकराया, 11 छात्र घायल; गणतंत्र दिवस मनाकर लौट रहे थे घर



**लातेहार, एजेंसी।** झारखंड में गणतंत्र दिवस मनाकर घर लौट रहे स्कूल बच्चों से भरा टैंपो हादसे का शिकार हो गया। जबरदस्त टक्कर में ड्राइवर सहित 12 बच्चे घायल हो गए हैं। घटना के बाद बच्चो को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहीं 10 बच्चों को बेहतर ट्रीटमेंट दिलाने के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। उधर डॉक्टरों ने बताया कि चार बच्चों की हालच चिंताजनक है। घटना लातेहार जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र के नवादा गांव के समीप की है।

घटना बालूमाथ हेरहंज मुख्य सड़क मार्ग के चिरू मगरंदाहा गांव के समीप की है। यहां रविवार को गणतंत्र दिवस समारोह मनाकर स्कूली बच्चे टेम्पो से घर लौट रहे थे। तभी ये स्कूली बच्चे एक बड़े हादसे का शिकार हो गए। बच्चों से भरा टैंपो पिकअप वाहन से सीधा टकरा गया और हादसे का शिकार हो गया। दुर्घटना के दौरान चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने बच्चों को आनन-फानन में उठाया और नजदीकी अस्पताल ले गए। जहां पता चला कि इस हादसे में टेम्पो चालक सहित 12 बच्चे घायल हो गए हैं। बताया जाता है कि चिरू गांव से बच्चे अपने विद्यालय ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल से टेम्पो में सवार होकर अपने घर नवादा अम्बाटोली जा रहे थे। इसी दौरान मगरंदाहा के पास विपरीत दिशा से आ रही पिकअप वाहन ने सीधी टक्कर मार दी, जिससे वाहन में सवार बच्चे घायल हो गए।

## New Delhi

# गला दबाया, सूटकेस में डाली लाश और लगा दी आग... दिल्ली में महिला की हत्या में 2 गिरफ्तार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के गाजीपुर में एक महिला का जला हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया. उसे एक सूटकेस के अंदर रखकर जला दिया गया था. जांच में पुलिस को मालूम हुआ कि महिला की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी और लाश को ठिकाने लगाने के लिए उसे जला दिया गया था.

सीसीटीवी में रिकॉर्ड गाड़ी के नम्बर के जरिए पुलिस आरोपी के पास पहुंच गई. पुलिस ने आरोपी अमित तिवारी को उसके एक साथी के साथ गिरफ्तार किया है. जांच में मालूम हुआ कि 25 जनवरी को आरोपी ने महिला को खोड़ा कालोनी के घर में गला दबाकर मार डाला था. इसके बाद उसने लाश को ठिकाने लगाने के लिए महिला के एक सूटकेस में डाला और फिर दिल्ली के गाजीपुर में ले जाकर सूटकेस समेत उसे आग लगा दी. इसके बाद वह मौके से फरार हो गया. पुलिस का बताया कि अमित का साथी उसके साथ ही खोड़ा कॉलोनी में रहता था.हत्या किस वजह से की गई है, उसकी जांच फिलहाल की जा रही है.

## Bihar

# बिहार में शराब पीकर झंडा फहराने पहुंचे हेडमास्टर साहब, पुलिस ने पकड़ा तो बोले - आर्थिक संकट में हूं

**मुजफ्फरपुर, (एजेंसी)** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में पुलिस ने गणतंत्र दिवस पर कथित तौर पर नशे की हालत में राष्ट्रीय ध्वज फहराने जा रहे एक सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए प्रधानाध्यापक संजय कुमार सिंह मीनापुर इलाके के धरमपुर पूर्वी के सरकारी मिडिल स्कूल में कार्यरत हैं।

प्रधानाध्यापक जब नशे की हालत में स्कूल पहुंचे तो स्थानीय लोगों ने मीनापुर विधायक मुन्ना यादव को इसकी सूचना दी, जिन्होंने मामले को पुलिस के संज्ञान में लाया। रामपुरहारी थाने के प्रभारी सुजीत कुमार ने संवाददाताओं से कहा, ''शिकायत मिली थी कि प्रधानाध्यापक नशे की हालत में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए स्कूल पहुंचे हैं। मामले की जांच के लिए पुलिस की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची। 'ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट' में भी पुष्टि हुई कि उन्होंने शराब पी रखी थी। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।'' गिरफ्तारी से पहले प्रधानाध्यापक ने संवाददाताओं से कहा कि वह गंभीर आर्थिक संकट में है और यह दावा भी किया कि उन्हें पिछले पांच माह से वेतन नहीं मिला है। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार ने पांच अप्रैल 2016 को शराब की बिक्री और सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था।



## खेल

# मुक्केबाज निशांत देव के पेशेवर करियर की शानदार शुरुआत, अमेरिका के एल्टन विगिन्स को हराया

**नई दिल्ली, (एजेंसी) स्टार भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने लास वेगास के कॉस्मोपोलिटन में सुपर वेल्टरवेट वर्ग में अमेरिका के एल्टन विगिन्स को हराकर पेशेवर करियर की शानदार शुरुआत की। देव ने शनिवार को छह दौर के मुकाबले के पहले दौर में तकनीकी नॉकआउट के जरिए कुछ सेकेंड रहते हुए जीत दर्ज की।**

पहले दौर में केवल 20 सेकेंड बचे थे तब रैफरी ने इसे रोक दिया। इस दौरान उन्होंने विगिन्स को दो बार नीचे गिराया। भारतीय तिरंगे की जैकेट पहने हुए आत्मविश्वास से भरे हुए 24 वर्षीय देव ने शानदार मुक्के जड़कर दबदबा बनाया। यह मैच डिएगो पैचेको बनाम स्टीव नेल्सन अंडरकार्ड का हिस्सा था।



जीत के बाद देव ने कहा, मैं जीत के बाद अच्छा महसूस कर रहा हूं। मैं पिछले 15 साल से इस पल का सपना देख रहा था। आज मैं सबसे बड़ी रिंग में खड़ा हूं। मैं यह जीत भारत को समर्पित करता हूं, आज गणतंत्र दिवस है और मेरे पिता का जन्मदिन भी है इसलिए मैं इसे उन्हें भी समर्पित करता हूं।

हाल के दिनों में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले भारतीय मुक्केबाजों में से एक देव ने पेरिस ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने प्रोमोटर एडी हर्न एंड मैचरूम बॉक्सिंग के साथ करार किया है। 2023 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता देव अभी पूर्व पेशेवर मुक्केबाज रोनाल्ड सिम्स से ट्रेनिंग ले रहे हैं। देव ने कहा, भारत से पहले विश्व चैंपियन बनने का रास्ता अब शुरू होता है। किसी भी भारतीय ने ऐसा कभी नहीं किया है, मैं भारत से पहला विश्व चैंपियन बनना चाहता हूं और एक विरासत बनाना चाहता हूं।

## सिनेमा

# 'लोग पीएम मोदी, शाहरुख-सलमान को भी नहीं बख्शते...' उर्वशी रौतेला ने हेटर्स को दिया जवाब, पर फिर उड़ी खिल्ली!



बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला इन दिनों दो वजहों से चर्चा में हैं। पहला ये कि उनकी फिल्म 'डाकू महाराज' ने बॉक्स ऑफिस पर 105 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। दूसरा ये कि उन्होंने सैफ अली खान पर हुए हमले पर अपना रिएक्शन दिया था, जिसके बाद वो निशाने पर आ गई थीं। अब उन्होंने ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि जब लोग पीएम मोदी और शाहरुख खान तक को नहीं बख्शते हैं तो फिर इसमें क्या किया जा सकता है!

बता दें कि Saif Ali Khan पर 15 जनवरी की देर रात को उनके घर पर हमला हुआ था। जब उर्वशी रौतेला से इस बारे में बात की गई तो उन्होंने अफसोस तो जताया, लेकिन बीच में अपनी कीमती घड़ियों के बारे में बताने लगीं। इसको लेकर उनकी खूब खिल्ली उड़ी थी।

Urvashi Rautela ने इंस्टेंट बॉलीवुड से कहा, 'इसमें क्या है ना... अब आप बोलेंगे दोबारा कुछ सवाल का सही उत्तर नहीं दे रही हैं। लेकिन हमारे देश के जो प्रधानमंत्री भी हैं, माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी, मेरे सबसे ज्यादा फेवरेट सुपरस्टार शाहरुख खान, सलमान खान... तो लोग जो हैं वो तो उनको भी नहीं बख्शते हैं। तो अब आप ही बताए फिर इसमें क्या किया जाए।'

इस वीडियो पर भी यूजर्स अपना रिएक्शन दे रहे हैं। उन्होंने फिर से 'डाकू महाराज' की एक्ट्रेस का मजाक उड़ाया है। एक ने लिखा, 'वाह क्या जवाब दिया है... मतलब कुछ भी।' एक और यूजर ने कॉमेंट किया, 'इसकी बावली हरकतों से लिहाज से इसको KRK सूट होगा।'

## Highlights

1. Manish Sisodia will be Deputy CM if AAP wins: Arvind Kejriwal
2. Had genetic test, found I've Indian DNA: Indonesian Prez Subianto
3. India, Indonesia to hold early talks on maritime & cyber security
4. Will remove inflitrators, clean Yamuna in 3 yrs: Shah in Delhi
5. Sanatan Dharma is India's 'national religion': UP CM Yogi

# Apple Watch bands have cancer-causing PFAS chemicals? Lawsuit filed over

**NEW DEIHI, (Agency).** Apple is now reportedly facing a lawsuit in the US which accuses it of exposing users to toxic chemicals, potentially causing serious health issues including cancer.

The suit came as the result of a study on 22 watch bands from multiple companies, which found 15 among them contained these chemicals.

Apple's "Ocean," "Nike Sport," and regular "Sport" Watch bands contain high levels of perfluoroalkyl and polyfluoroalkyl substances (PFAS), a Daily Mail report cited the study.

These are also termed as "forever chemicals" due to their ability to persist in the environment and human body.




The repercussions on health include birth defects, prostate, kidney, testicular cancer, as well as fertility problems.

Apple, meanwhile, has long claimed that its watch bands are made from 'fluoroelastomer', a synthetic rubber which contains fluorine but not harmful PFAS chemicals.

The tech giant also asserted that fluoroelastomer is safe and has been thoroughly tested to meet health standards.

However, the lawsuit directly challenges this, arguing Apple concealed the fact that its fluoroelastomer-based bands contain PFAS, along with other materials that may contribute to health risks.

# Did Elon Musk, world's richest person, scam US voters with illegal lottery? Billionaire reacts

**NEW DEIHI, (Agency).** Elon Musk has asked a US federal judge to dismiss a proposed class action lawsuit which claims he defrauded voters into signing a petition supporting the Constitution for a chance to win his $1 million-a-day giveaway, news agency Reuters reported.

Musk, however, rejected the claim that his giveaway was an illegal lottery which violates a Texas law against deceptive trade practices, according to the report which cited an Austin, Texas federal court filing.



Elon Musk is currently the world's richest person with a net worth of $434 billion, according to the Bloomberg Billionaires Index.

In the lawsuit filed on US election Day, November 5, 2024, Arizona resident Jacqueline McAferty had claimed Musk and his political action committee America PAC falsely induced voters in seven US states to sign the petition with a promise that winners would be chosen randomly, the report read.

McAferty's lawsuit seeks at least $5 million in damages for all of those who signed the petition.

However, Musk claimed voters were told that they would be reviewed for an opportunity to earn $1 million by becoming America PAC spokespeople, and that the money was not a "prize" to be won.

# ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक

## सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

www.babapandit.com

## "एक सलाहकार और शुभचिंतक"

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

## - कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

कृपया अपनी जिज्ञासा/सलाह हेतु संपर्क करे।

Email - babapandit.in@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक